श्याम हमारा पालनहारा झट दौड़ा आएगा भजन लिरिक्स

श्याम हमारा पालनहारा,
झट दौड़ा आएगा,
भीड़ पड़े जो हम भक्तों पर,
मोरछड़ी लाएगा,
श्याम हमारा पालन हारा,
झट दौड़ा आएगा।bd।

तर्ज – कौन सुनेगा किसको सुनाए।

श्याम नाम की महिमा भारी,
जाने दुनिया सारी है,
खाटू में सज धज के बैठा,
बाबा लखदातारी है,
एक बार जो इन्हे निहारे,
उसका ही हो जायेगा,
श्याम हमारा पालन हारा,
झट दौड़ा आएगा।bd।

देख भरोसा करके प्यारे,
श्याम के दरबार पर,
जो चाहेगा मिल जाएगा,
एक बार तू प्यार कर,
एक कदम तू आगे बढ़ा ले,
बाकी वो आ जायेगा,
श्याम हमारा पालन हारा,
झट दौड़ा आएगा।bd।

खाटू वाला श्याम हमारा,
सच्चा न्याय चुकाता है,
जिसका सच्चा भाव यहाँ पर,
उसको ये अपनाता है,
'भानु' भी जो दर का हुआ तो,
जीवन संवर जाएगा,
श्याम हमारा पालन हारा,
झट दौड़ा आएगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्याम हमारा पालनहारा,
झट दौड़ा आएगा,
भीड़ पड़े जो हम भक्तों पर,
मोरछड़ी लाएगा,
श्याम हमारा पालन हारा,
झट दौड़ा आएगा।bd।

Singer – Jatin Chhabra

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com